हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री


सिविल लाइन पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महाराणा प्रताप चौक और तालापारा में बिना नंबर प्लेट की पांच बाइक जब्त की।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


सोमवार की रात शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आकर्षक रौशनी से जगमगाया तिफरा स्थित काली मंदिर।

## खबर संक्षेप

### एएसआई को मिला प्रमोशन एसएसपी ने लगाया स्टार



**बिलासपुर।** डीजीपी अरूणदेव गौतम ने 19 सितंबर को सीपत थाने में पदस्थ एएसआई शिव सिंह बक्साल को एसआई के पद पर प्रमोशन करने का आदेश जारी किया गया है। सोमवार को एसएसपी रजनेश सिंह, एएसपी अर्चना झा ने श्री बक्साल के वर्दी में स्टार लगाकर प्रमोशन होने पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे, टीआई गोपाल सतपथी, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

### आईजी ने किया सीएसपी आफिस का निरीक्षण

**बिलासपुर।** सोमवार को आईजी डा. संजीव शुक्ला ने सिविल लाइन सीएसपी आफिस पहुंचकर निरीक्षण कर पिछले एक साल के कामों की समीक्षा की गई है। इसके पहले उन्होंने एसपी आफिस, पुलिस लाइन व दूसरे दिन कोटा एसडीओपी कार्यालय एवं कोटा थाने का निरीक्षण किया गया था। आईजी डा. शुक्ला ने कहा सीएसपी कार्यालय में पिछले एक साल के कार्य का समीक्षा किया गया है। जिले के पुलिस अधिकारी अच्छा काम कर रहे है सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। इससे अच्छा और क्या किया जा सकता है। किस किस क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है निर्देशित किया गया है। इस दौरान एसएसपी रजनेश सिंह, एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तेलीपारा, मेडिकल कॉम्प्लेक्स जैसी जगहों पर चली निगम की आरी

# पेड़ों की डंगाल सड़क पर, दिनभर ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम द्वारा रविवार को तेलीपारा रोड पर पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई, लेकिन इस दौरान पेड़ों की डंगालों को सड़क पर ही छोड़ दिया गया, जिससे लगातार ट्रैफिक जाम होता रहा। नवरात्रि में इस रोड पर लोगों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



रविवार को नगर निगम द्वारा पेड़ों की कटाई, छंटाई लोगों के लिए ही मुसीबत साबित हो रही है। सोमवार को तेलीपारा रोड पर सुबह से लेकर शाम तक जाम लगता रहा। इसका कारण सड़क पर पड़े पेड़ों की डंगाल और कचरा था। दरअसल नगर निगम ने कटाई करने के बाद डंगालों को सड़कों से नहीं हटाया, इस दौरान मवेशी सड़क पर ही खड़े होकर पत्ते खाते रहे, व्यस्त सड़क पर आधा दर्जन से अधिक मवेशियों के होने और दुर्गा पंडालों के कारण वाहनों की कतार लगी रही। इस दौरान आईसीआईसी बैंक, पीपल चौक, अजीत होटल, पंचाली ड्रेसेस के सामने, मेडिकल कॉम्प्लेस जैसी जगहों पर पेड़ों की डंगाल सुबह से शाम तक पड़ी रही। नवरात्र होने के कारण सड़कों पर पहले से अधिक भीड़ रहती है, निगम के उदासीन रवैये से व्यवसायिक काम्प्लेक्स और दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बिजली विभाग की मजबूरी

जहां नगर निगम पेड़ों की कटाई करता है, वहीं बिजली विभाग का अमला भी इसमें पीछे नहीं है। पिछले एक हफ्ते से शहर के कई इलाकों में बिजली विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई की गई है। इस दौरान विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हुए डंगालों को सड़क पर छोड़ गायब हो जाता है। जिसे आपस के लोगों के द्वारा साफ कराया जाता है।

### जानकारी ली जाएगी

आसपास के लोगों की शिकायत आई थी इसके बाद मैंने कर्मचारियों को कचरा और डंगाल हटाने का निर्देश दिया हैं। उद्यानकी विभाग ने बिना सूचना के छंटाई की है जिसके कारण असुविधा हुई होगी। कर्मचारियों से जानकारी ली जाएगी।

**- प्रवेश कश्यप,** जोन कमिश्नर

# गरिमा हटाई गईं, साहू बिलासपुर के तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- कलेक्टर ने 9 तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण बदला

तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर को हटाकर पचपेड़ी तहसीलदार प्रकाशचंद्र साहू को बिलासपुर तहसीलदार के पद पर चार्ज दिया गया है। गरिमा बिलासपुर तहसील में ही अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में कार्य करेंगी। कलेक्टर द्वारा सोमवार को जारी आदेश में कुल 9 तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण किए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा जिले में पदस्थ तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को नए सिरे से तहसीलों का चार्ज सौंपा गया है। वैसे तो यह रूटीन की प्रक्रिया है, लेकिन इस फेरबदल में बिलासपुर तहसीलदार को उसी तहसील में वापस अतिरिक्त तहसीलदार बनाकर बैठा देना थोड़ा लोगों को असमंजस में डाल रहा है। कलेक्टर द्वारा किए गए इस ट्रांसफर आदेश को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट को लेकर बीते दिनों बिलासपुर तहसील की हुई फजीहत से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बिलासपुर तहसील से नीट की छात्राओं को सर्टिफिकेट जारी किए गए थे, जिसे बाद में तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर द्वारा फर्जी बताया गया था। इस मामले में तहसीलदार की आईडी का गलत इस्तेमाल होने की बात सामने आई थी, लेकिन जानकारों द्वारा आईडी के गलत इस्तेमाल के लिए परोक्ष रूप से कहीं ना कहीं तहसीलदार को भी जवाबदार माना गया था। कल तक बिलासपुर तहसीलदार के रूप में कार्य कर रहीं गरिमा को उसी तहसील में अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में पदस्थ करने को एक तरह का साइलेंट पनिशमेंट भी माना जा रहा है।

### ज्योति पटेल से वापस लिया गया एडीएम का चार्ज

अतिरिक्त कलेक्टर ज्योति पटेल से चार्ज वापस लेते हुए सीनियारिटी के हिसाब से यह चार्ज शिवकुमार बनर्जी को सौंपा गया है। इस बदलाव को भी बीते दिनों कर्मचारियों द्वारा ज्योति पटेल के खिलाफ की गई शिकायत को कारण माना जा रहा है। हालांकि उच्चाधिकारियों द्वारा इसे किसी भी तरह की कार्रवाई न मानते हुए प्रशासनिक कामकाज की एक सामान्य व रूटीन की प्रक्रिया बताई गई है।

### पेंडेंसी समाप्त करना है

राजस्व प्रकरणों में पेंडेंसी को खत्म करने व बेहतर प्रोग्रेस के लिए एडीएम, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के प्रभार व स्थान में परिवर्तन किए गए हैं। यह एक सामान्य और रूटीन की प्रक्रिया है।

**- संजय अग्रवाल**
कलेक्टर बिलासपुर

### इनकी, यहां हुई पदस्थापना

तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह को भू-अभिलेख शाखा में वापस पदस्थ किया गया है। इनके स्थान पर बेलतरा तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला को तखतपुर तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में पचपेड़ी में पदस्थ नीलम पिस्दा यहीं तहसीलदार के रूप में कार्य करेंगे। अतिरिक्त तहसीलदार सकरी मनीषा झा बेलतरा तहसीलदार बनाई गई हैं। बिल्हा में नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ विनीता शर्मा पचपेड़ी में नायब तहसीलदार के रूप में कार्य करेंगी। नायब तहसीलदार सकरी नेहा कौशिक नायब तहसीलदार बिल्हा बनाई गई हैं। इसी तरह नायब तहसीलदार बिलासपुर विभोर यादव को नायब तहसीलदार सकरी पदस्थ किया गया है।

## एमबीबीएस : ऑल इंडिया लेवल के 6 स्टूडेंट ने लिया प्रवेश

- प्रवेश कमेटी दस्तावेजों का कर रही वेरिफिकेशन
- सेंट्रल पुल के 4 कोटे में 2 का हो चुका है एडमिशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया शुरू होते ही अबतक स्टेट कोटे से 120 स्टूडेंट ने प्रवेश ले लिया है। वहीं ऑल इंडिया लेवल के सेकेंड राउंड की कॉउसिलिंग जारी है, अब तक 6 स्टूडेंट ने सिम्स में प्रवेश ले लिया है।

खास बात यह है कि सिम्स मेडिकल कालेज में प्रवेश ले रहे स्टूडेंट के दस्तावेजों के परीक्षण में सावधानी बरती जा रही है। डीन डॉ रमणेश मूर्ति द्वारा औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है। उन्होंने सोमवार को काउंसिलिंग में पहुंचकर स्टूडेंट के भौतिक दस्तावेजों की जांच भी की।

सिम्स मेडिकल कालेज में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति के निर्देशन में प्रवेश प्रक्रिया के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह टीम सिम्स मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में बैठकर प्रवेश के लिए आने वाले छात्रों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कर रही है। प्रवेश से पहले छात्रों एवं उनके अभिभावकों से एंटी रैगिंग, बॉन्ड सहित अन्य शपथ पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा कराए जा रहे हैं। अबतक स्टेट कोटे के 124 रिक्त सीटों पर 120 स्टूडेंट के प्रवेश पूर्ण हो चुके है। इसका दूसरा चरण 25 सितंबर से 30 सितंबर को जारी होगा।

# जीएसटी में सुधार आम जनता समेत किसानों व व्यापारियों के लिए राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



### पीएम मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री के प्रयास से जीएसटी में आमूलचूल परिवर्तन : अमर

देश में जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसलों को देश की टैक्स व्यवस्था का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण के प्रयास से जीएसटी में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। उन्होंने इस कदम को आम जनता, किसानों और व्यापारियों सभी को राहत देने वाला तथा अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने वाला बताया।

जीएसटी में सुधार एवं सोमवार से लागू नई दरों को लेकर शहर विधायक अमर अग्रवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री बिलासपुर के सांसद तोखन साहू भी उपस्थित रहे। शहर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि अब जीएसटी की संरचना और सरल हो गई है। पुरानी चार दरों की जगह केवल दो हरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखी गई है, जबकि लग्जरी और हानिकारण वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स लागू होगा। उन्होंने बताया कि इससे रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे दूध, पनीर, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट और बच्चों की सामग्री सस्ती होगी। किसानों को भी ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक दवाएं और सिंचाई उपकरण पर कम टैक्स का सीधा लाभ मिलेगा। इसी तरह स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी समाप्त कर दी गई है। दइवाईयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर टैक्स घटने से मरीजों और परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा। इसी तरह गाड़ियां और मोटरसायकल अब 28 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत जीएसटी दर पर उपलब्ध होगी, जबकि शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए कॉपियों, पेंसिल और अन्य छात्र सामग्री को पूरी तरह टैक्स मुक्त किया गया है।

श्री अग्रवाल ने व्यापारियों और उद्यमियों के लिए सुधारों को अहम बताते हुए कहा कि अब एक ही सरल रिटर्न दाखिल करना होगा। रिफंड की प्रक्रिया तेज और अधिकतर ऑटोमेट होगी तथा छोटे व्यापारियों के लिए मोबाईल फ्रेंडली प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। एसआई और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग पर रोक लगाने में मदद करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ को होने वाले लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि खनिज और उद्योग क्षेत्रों में अनुपालन आसान होगा तथा छोटे और मझोले व्यापारियों को राहत मिलेगी साथ ही टैक्स चोरी पर नियंत्रण से राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त होगा। इससे नए उद्योग, निवेश और रोजगार की संभावनाएं मजबूत होगी। अमर ने कहा कि जीएसटी 2.0 केवल टैक्स सुधार नहीं, बल्कि यह जनता के लिए तोहफा है। इससे जीवन में सरलता और व्यापार में सहजता आएगी तथा देश की आर्थिक प्रगति को नया बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में उत्सव का माहौल है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का प्रतीक है, जिनका लक्ष्य देश और जनता के लिए सरसता, विकास और प्रगति लाना है।

### देश की अखंडता में जीएसटी का बड़ा योगदान

शहर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि देश की अखंडता में जीएसटी का बहुत बड़ा योगदान रहा। जीएसटी जब लागू हुआ तब पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर कश्मीर तक वन नेशन वन टैक्स को लागू किया गया। पहले जीएसटी में चार स्लैब थे, जिसमें अब 5 प्रतिशत ओर 18 प्रतिशत टैक्स दो दरें है तथा 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत स्लैब को हटा दिया गया है। जीएसटी नया टैक्स प्रणाली में जो परेशानी थी उसका समाधान करते हुए जीएसटी लागू हुआ है।

### बाजारों में उतरेंगे भाजपा के मंत्री, विधायक

शहर विधायक अमर अग्रवाल से जीएसटी की नई दरों के पालन के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इसके क्रियान्वयन को लेकर कल से ही भाजपा के पार्षद से लेकर विधायक, सांसद व मंत्री सभी बाजारों में जाएंगे और जीएसटी की नई दरों के संबंध में प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी सामान लेने की भी प्रेरित करेंगे।

### कर अपवंचन घटेगा तो अर्थव्यवस्था बढ़ेगी

अमर का कहना है कि कर अपवंचन घटेगा तो अर्थव्यवस्था बढ़ेगी, क्योंकि परचेसिंग पावर जितना होगा, उतनी अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। टैक्स जितना कम होगा उसका उतना ज्यादा क्रियान्वयन एवं स्वीकार होगा। उन्होंने बताया कि इससे साल-दो साल थोड़ी परेशानी होगी पर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा। छत्तीसगढ़ में भी जीएसटी की नई दर के हिसाब से लगभग हजार, डेढ़ हजार करोड़ का नुकसान होगा तथा राज्यों व केन्द्र का रेवेन्यू गिरेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही जीएसटी को लागू किया था और उसमें सुधार भी उन्होंने किया है।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200


अमर भैय्या
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण झा
शरद यादव
विधायक प्रतिनिधि-नगर निगम
समर्थ सिंह
जिला विशेष आमंत्रित सदस्य भाजयुमो
रौशन सिंह
जिला उपाध्यक्ष-भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर
विनीत: भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर मंडल बिलासपुर
J.J.Ad


नवरात्रि के
पावन अवसर पर
भव्य
शुभारंभ
उज्वला हॉस्पिटल
आपके क्षेत्र ग्राम किरारी मस्तुरी में
दिनांक : 23 सितंबर 2025 , दिन : मंगलवार, समय : शाम 6;00 बजे
स्थान : मस्तूरी रोड, झाझड़िया भवन के पास, ग्राम किरारी, मस्तुरी
मुख्य अतिथि
श्री तामेश सिंह ठाकुर
( सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम संरक्षक)
विशिष्ठ अतिथि
श्री नितेश सिंह ठाकुर
(जनपद उपाध्यक्ष मस्तूरी )
विशिष्ठ अतिथि
दामोदर कांत
जिला पंचायत सदस्य
विशिष्ठ अतिथि
राहुल सिंह ठाकुर
विशिष्ठ अतिथि
देवेंद्र कृष्णन
(जनपद सदस्य मस्तूरी )


JP
MULTISPECIALITY & WOMEN CARE CLINIC
NURSING HOME
24/7
EMERGENCY SERVICE
हमारे विभाग
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
शिशु रोग विभाग
जनरल मेडिसीन विभाग
दंत रोग विभाग
महिला डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी किया जाता है
डॉ. उज्वला कराडे
एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी
स्त्री रोग विशेषज्ञ
एम्स दिल्ली, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर
रेलवे हॉस्पिटल (एसईसीआर) बिलासपुर
उपलब्ध सुविधाएं
जनरल मेडिसीन
अल्ट्रा साउंड
एंबुलेंस
जनरल सर्जरी
फिजियोथेरेपी
नार्मल डिलिवरी
लेबोरेटरी
डेंटल
मेडिकल स्टोर
गायनेकोलॉजिस्ट
इमरजेंसी
सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध
जेपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड नर्सिंग होम
गणेश नगर, नयापारा चौक, ओवर ब्रिज के पास, हेमू नगर, बिलासपुर (छ.ग ) © 07752-299550, 99071-00604

## खबर संक्षेप

### एलुमनी समिति के सदस्यों ने कल्याण कुंज वृद्धाश्रम का भ्रमण किया




**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की एलुमनी समिति के सदस्यों ने कल्याण कुंज वृद्धाश्रम का भ्रमण किया । इस अवसर पर सदस्यों ने आश्रम के वरिष्ठजनों से उनके जीवन के अनुभव, पुराने किस्से, शिक्षा, कामकाज और परिवार एवं समाज की बदलती पर भी चर्चा किए। उनसे उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य, व्यायाम, खानपान के बारे में चर्चा किए। उनसे देश–दुनिया की खबरें, त्योहार, परंपराओं पर विचार विमर्श किए। समिति ने सभी के लिए मंगल कामना की। इस दौरान भेटवस्तु गरम चादर, स्वेटर, शाल, पानी की बोतल, फल एवं अनाज प्रदान किए गए। समिति के संयोजक कावेरी दाभडकर एवं सदस्य डॉ. हरिनीरानी आगर, डॉ. सुषमा घई, सुशीला एक्का, डॉ. मधुलिका सिन्हा, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव एवं डॉ. मनीषा गुप्ता आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने दी।

### हांपा एक्सप्रेस घटना के जिम्मेदार दो सुपरवाइर पर होगी कार्रवाई

**बिलासपुर।** दो दिन पहले बिलासपुर डिवीजन के जयरामनगर से लटिया स्टेशन के बीच हांपा एक्सप्रेस से रेल डॉली टकरा गई थी। इसमें टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपकर दो सुपरवाइजर को घटना का जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट के आधार पर दोनों के खिलाफ रेल प्रशासन कार्रवाई करेगी। जानकारी के अनुसार लटिया से जयरामनगर के बीच इस लाइन पर दो दिन पहले शालीमार जाने वाली पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस के चालक ने रेल डाली को देखकर बार-बार हार्न बजाया, जिसके बाद भी कर्मचारियों ने उसे नहीं हटाया। इसके उपरांत चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकते हुए बड़ी दुर्घटना होने से बचाया। इमरजेंसी ब्रेक लगने के बावजूद ट्रेन रेल डाली से टकराई, जिसमें रेल डाली से कूदकर कर्मचारियों ने अपनी जान बचाई। ट्रेन के लोको पायलट ने अकलतरा रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद मेमो दिया, जिसके बाद रेलवे में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही गठित की गई जांच टीम ने रिपोर्ट में पाया कि कार्य एसएसई प्रदीप मिंज के दिशा निर्देश में मेट संतराम द्वारा कराया जा रहा था। दोपहर 3 बजे प्रदीप मिंज संतराम को आवश्यक दिशा निर्देश देकर बीआर नम्बर 12 के पास जो कि घटना स्थल से करीब 2.5 किलोमीटर देर है, पोस्ट टाम्पिंग कार्य का निरीक्षण करने गए हुए थे। शाम 16.30 बजे मेट संतराम बिना पीडब्लूआई को बताए ठेकेदार के मुंशी सरोज सूर्यवशी को यह कहकर चले गए कि रेल डॉली को स्टोर में पहुंचाकर कार्य बंद कर देना। स्टोर कोतमी सोनार पीएच के पास किलोमीटर 697/16ए - 14ए में स्थित है। ठेकेदार के मुंशी के अनुसार रेल डॉली ले जाने के दौरान जब वह किलोमीटर 698/20 ए - 18 ए में पहुंचे, उस समय मीडिल लाइन में एक मालगाड़ी सिटी मारते हुए जा रही थी, जिसके कारण कर्व की तरफ से आने वाली सवारी गाड़ी की सिटी उन्हें सुनाई नहीं दी। अचानक उन्हें एक यात्री गाड़ी तेज गति से पास आते हुए दिखाई दी। लेबरों के द्वारा ट्रैक से हटाने कोशिश की गई, लेकिन गाड़ी नजदीक आई गई थी। जान बचाने के लिए लेबरों को रेल डॉली ट्रैक में छोड़कर दूर हटना पड़ा। इस कार्य के लिए इंजीनियरिंग विभाग ने कोई ब्लॉक नहीं लिया था न ही अग्रिम सूचना या सतर्कता आदेश जारी कराया था। जांच के दौरान टीम ने दो सुपरवाइजर मुंशी व मेट संतराम को जिम्मेदार मानकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें दोनों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह कहा कि जयरामनगर और लटिया स्टेशन के बीच हुई घटना की रिपोर्ट के अनुसार किसी भी रेल कर्मचारी और अधिकारी को दोषी नहीं मना गया है, बल्कि इसमें दो सुपरवाइजर का जिम्मेदार ठहराया गया है। दोनों के खिलाफ रेलवे की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

**लियाफी का आयोजन** | **जीएसटी छूट को लेकर अभिकर्ताओं में उत्साह**

# जीएसटी की राहत से एलआईसी पालिसी धारकों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालिसी खरीदी और प्रीमियम भुगतान में मिले जीएसटी छूट को लेकर भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता खासे उत्साहित है। अभिकर्ताओं ने जीएसटी शून्य करने का हर्ष व्यक्त किया और भारतीय जीवन बीमा कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए अभिकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे ना केवल नई पालिसी में उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा, बल्कि प्रीमियम भुगतान की राशि भी कम हो जाएगी। जिसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।

जीवन बीमा पालिसियों से जीएसटी समाप्त करने की मांग लाइफ इंशोरेन्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गई थी। हाल ही में केन्द्र सरकार ने पालिसी में जीएसटी शून्य कर दिया गया है, 22 सितंबर से यह लागू हो चुका है। भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ (लिग्राफी) के मंडल अध्यक्ष इमरान आलम के नेतृत्व में अभिकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। मंडल कार्यालय परिसर में तीनो शाखाओं के सैकड़ों अभिकर्ता शामिल हुए। इस दौरान श्री आलम ने बताया कि जीएसटी शून्य करने का निर्णय सभी पालिसी धारक,बीमा निगम के लिए सकारात्मक पहल है। पालिसीधारकों को प्रीमियम पर अतिरिक्त टैक्स नही देना होगा। इसके पूर्व टर्म बीमा पर 18 फीसदी एवं अन्य योजनाओं पर प्रथम वर्ष प्रीमियम पर 4.5फीसदी तथा परिवर्ती प्रीमियम पर 2.25फीसदी तथा पेंशन योजनाओं पर 1.8फीसदी लिया जाता रहा है। 22 सितम्बर से जीएसटी शून्य है। अब ग्राहक केवल वास्तविक प्रीमियम भुगतान कर सकेंगें। इस दौरान मंडल सचिव संतोष साहू, संगठन सचिव प्रीतम सिंह सीपी मूर्ति पी रामाप्रसाद, ए श्रीनिवास, सी पी मल्लेवर, राजेश रजक , संजय निर्मलकर, मो हारून, ध्रुव अग्रवाल, नितिन त्रिपाठी, प्रभात पणिक्कर, हरीश गंगवानी, महिला मंडल से सविता पाण्डेय, ऋतू चंद्राकर, ममता दीप, माया निखार व सैकड़ों अभिकर्ता उपस्थित रहे।




### बीमा व्यवसाय से जुड़े लोगों को होगा फायदा

अभिकर्ताओं ने कहा कि इस फैसले के बाद बीमा व्यवसाय से जुड़े लोगों को फायदा होगा और वे अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा दे सकेंगें। बीमा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी और बोनस में वृद्धि के साथ साथ परिपक्वता में वृद्धि होगी।

**कुलाधिपति संतोष चौबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया**

# सीवीआरयू में मना कुलाधिपति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष रजत जयंती, सेवा पखवाड़ा एवं डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिवस पर विश्वविद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुलाधिपति संतोष चौबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर पौधारोपण, बीजा रोपण, स्वच्छता अभियान एवं उनकी कृति गरीब नवाज का मंचन भी किया गया। विद्यार्थियों ने अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए। विश्वविद्यालय परिवार ने 5 किमी की मानव श्रृंखला बनाकर औषधि पौधों का बीजारोपण किया। श्री चौबे की दूरदर्शिता और रचनाशीलता पर विमर्श भी किया गया। विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि सितंबर में छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। नवंबर में राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके साथ-साथ अभी सेवा पखवाड़ा भी है। विवि में कुलाधिपति संतोष चौबे के जन्म दिवस पर 22 सितंबर को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधा रोपण अभियान भी चलाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिसर और अंचल में पौधा रोपण किया गया।



### उनके जीवन से नई प्रेरणाः कुलपति

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि प्राध्यापक और विद्यार्थियों को कुलाधिपति के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। उनके संघर्ष उनकी दूरदर्शिता और उनकी रचनाएं पर हमें अपने जीवन को दिशा देना चाहिए।

### इन्होंने किया गरीब नवाज का मंचन

संतोष चौबे की कहानी गरीब नवाज का मंचन किया गया । नाट्य निर्देशन- गिरीश मिश्रा ने किया। कलाकारों में रियाज मोहम्मद- आसमा परवीन, विश्वमोहन - आयुष पाठक, अनुश्री मित्रा, गौतम,अंजलि कोल, वर्षा, गंगाधर, कृतिक सिंह, दीपा घोष, आर्या दुबे, नारायण चायवाला- निलिमा जांगड़े आदि शामिल हैं।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन ने कहा-'गर्व से कहो, हम स्वदेशी अपनाएं

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज बिलासपुर के व्यापार विहार में आयोजित जीएसटी बचत उत्सव में व्यापारी समुदाय से मुलाकात की।

इस दौरान, व्यापारी समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए दूरदर्शी और ऐतिहासिक सुधारों के लिए आभार व्यक्त किया। व्यापारी समुदाय ने जोर-शोर से नारा लगाया, गर्व से कहो, हम स्वदेशी अपनाएं - यही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प है। इस नारे के माध्यम से, उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री साहू ने कहा कि ये सुधार एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम हैं, जिनसे हर नागरिक, किसान, व्यापारी और उद्योग को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि निर्माण सामग्री पर राहत मिलेगी। इसमें सीमेंट पर जीएसटी 28% से घटाकर 18% कर दिया गया। संगमरमर, ग्रेनाइट ब्लॉक और रेत-चूना ईंटों पर दरें 12% से घटाकर 5% कर दी गईं। पार्टिकल बोर्ड (जूट, बांस) पर भी जीएसटी 12% से घटाकर 5% हो गया। घर बनाना आसान होगा और निर्माण उद्योग में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर जीएसटी 12-18% से घटाकर 5% किया गया। दूध, डेयरी उत्पाद, अनाज और दालें कर-मुक्त कर दी गईं। प्लांट-आधारित दूध पेय पर जीएसटी 5% है। जीवनरक्षक दवाएं, एम्बुलेंस और प्राथमिक स्वास्थ्य उपकरण अब कर-मुक्त हैं।




## अमर का मनाया जन्मदिन

### उद्योगपति झा ने दी नगर विधायक अमर को बधाई



**बिलासपुर।** भाजपा नेता एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल को जन्मदिन पर उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस खास मौके पर उद्योगपति, समाजसेवी प्रवीण झा, विधायक प्रतिनिधि शरद यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह, भाजयुमो जिला विशेष आमंत्रित सदस्य समर्थ सिंह ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी। सभी ने उनके स्वास्थ्य और सफलता की कामना की।



सोमवार को नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर पुष्पगुछ भेंट कर बधाई दी गई। इस मौके पर भाजपा नेता रोहित मिश्रा, प्रवीण दुबे, आनंद दुबे, आशीष तिवारी सहित अन्य लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया।



जन्मदिन की बधाई देते रंगा नादम, पंकज तिवारी, संदीप केडिया, राजेश त्रिवेदी, शानूल आशीष गुप्ता विवेक त्रामकार दिनेश चौधरी, आशुतोष साव, शैलेन्द्र यादव, रोहित मिश्रा, रोशन सिंह,शरद यादव, लक्ष्मी कश्यप, आशीष तिवारी,महर्षि बाजपेई, रन्नु गुप्ता आदि मौजूद थे।

### सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल ने शुभकामनाएं दी



**बिलासपुर।** नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल को जन्मदिन पर उनके निज निवास पर मुलाकात कर छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व सासंद लखनलाल साहू, आनंद सोनी व राजेश शाह ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।



पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर माल्यार्पण कर बधाई दी। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमरजीत सिंह दुआ मौजूद थे।

### विधायक अमर अग्रवाल को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम में जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पांडे, अशोक मिथुन सहित कार्यकर्ताओं ने वृद्ध जनों को टॉवल वितरण किया। वहां मौजूद लोगों ने श्री अग्रवाल की लंबी आयु की कामना की।

### भाजयुमो नेताओं ने मनाया अमर का जन्मदिवस



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री समर्थक विधायक प्रतिनिधि आनंद तावड़कर, मुकेश विधानी, विधायक प्रतिनिधि शरद यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित सिंह,भाजयुमो नेता रहेमान अली, अमन फ्रांसिस ने अपने नेता को गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं सहित बधाई प्रेषित किया।

### भाजपा दक्षिण मंडल ने अमर को दी शुभकामनाएं



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल द्वारा अमर अग्रवाल को आतिशबाजी कर भव्य रूप से जन्मदिन की बधाई दी। उनके दीर्घायु और स्वास्थ्य के लिए कामना किया गया। इस दौरान शैलेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## बिजनेस प्लस

### बिलासपुर को मिला नया प्रीमियम एड्रेस 'स्वर्ण शिखर'

**बिलासपुर।** प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी एएसए इ-स्टेटस ने बिलासपुर में अपने नए आवासीय प्रोजेक्ट 'स्वर्ण शिखर' का भव्य शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट शहर में आधुनिक जीवनशैली,



प्रीमियम लोकेशन और उच्चस्तरीय सुविधाओं के साथ नया मानक स्थापित करेगा। लॉन्चिंग ऑफर के तहत 2 बीएचके की कीमत में 3 बीएचके पाने का सुनहरा अवसर है। 'स्वर्ण शिखर' की लॉन्चिंग पर ग्राहकों को विशेष अवसर मिल रहा है। इसमें 3 बीएचके फ्लैट अब उपलब्ध है 2 बीएचके के दाम पर। साथ ही शुरुआती 11 ग्राहकों को बुकिंग पर 10 ग्राम सोने का सिक्का उपहार में मिल रहा है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट सरकंडा स्थित डीएलएस पीजी फ़ार्मेसी कॉलेज के पास और अशोक नगर चौक से मात्र 5 मिनट की दूरी पर स्थित है। 80 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर होने से यह क्षेत्र कनेक्टिविटी, सुविधा और भविष्य के विकास की दृष्टि से बेहतरीन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषताओं में 72 प्रीमियम 3 बीएचके फ्लैट्स और 4 लग्ज़री पेंट हाउस, पोडियम गार्डन और प्लंज पूल, बच्चों के लिए समर्पित प्ले एरिया, वॉकिंग ट्रैक, ईवी चार्जिंग प्वाइंट, सिक्योरिटी कैबिन और सीसीटीवी निगरानी की सुविधा है। अत्याधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टमके साथ कॉमन एरिया में 24 घंटे पावर बैकअप, निवेश और जीवनशैली का उत्तम संगम यहां ग्राहकों को देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि 'स्वर्ण शिखर' न केवल रहने के लिए श्रेष्ठ विकल्प है, बल्कि भविष्य के लिए एक लाभकारी निवेश अवसर भी है। यहां का सुरक्षित और आधुनिक वातावरण परिवारों को एक परफेक्ट जीवनशैली प्रदान करेगा। बुकिंग और अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### जीएसटी सुधारों से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत आज से

**बिलासपुर।** 23 सितंबर से लागू होने जा रही जीएसटी सुधारों से मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम




उपभोक्ताओं को विशेषकर दैनिक आवश्यक वस्तुओं में बड़ी राहत मिली है। इसमें शैंपू, टूथ पेस्ट, मक्खन, स्नैक्स और बर्तन जैसी वस्तुएं जिन पर पहले 18% और 12% का जीएसटी लगता था, अब केवल 5% दर पर उपलब्ध है। इन सुधारों से डेयरी, बिस्कट, ड्राई फ्रूट आदि के दामों में सबसे अधिक कमी आएगी। यह कटौती न केवल रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करती है। यह इस बात का संकेत देती है कि ये वस्तुएं जीवन की बुनियादी ज़रूरतें हैं जिन पर न्यूनतम कर लगना चाहिए। मूलभूत जरूरतों पर लग्जरी उत्पादों की तुलना में कम टैक्स लगाना आम आदमी के हित में लिया गया निर्णय है। खुदरा विक्रेता जैसे अपना मार्ट जो छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और झारखंड जैसे क्षेत्रों में सेवा प्रदान करते हैं, इन बचतों को ग्राहकों तक सीधे पहुँचाएंगे।

## पॉलिटिक्स प्लस

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों से आवेदन मांगे गए

**बिलासपुर।** प्रदेश में संगठन सृजन के तहत बूथ से लेकर प्रदेश स्तर पर कांग्रेस कमेटियों का गठन की प्रक्रिया चल रही है। जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त किया गया है। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा की बैठक तिफरा में ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र भार्गव की उपस्थिति में



हुई। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष के दावेदारों से आवेदन मांगे गए और उपस्थित पदाधिकारियों से व्यक्तिगत सुझाव लिए गए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव व ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र भार्गव ने कहा की चर्चा कर मजबूत दावेदारों का नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा। जिस पर योग्यता के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा कि पार्टी जिसे भी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करेगी हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, अमित यादव, राजेश साहू, संत सर्वे, महेश ठाकुर, राकेश यादव, शिव यादव, रहस सूर्यवंशी, प्रताप वर्मा, संतराम यादव, बिहारी सिंह, सुनील पांडेय, सूरज मरकाम, रमाकांत साहू, रामू राव, रामकुमार मनहर, भागवत श्रीवास, सुरेंद्र यादव, संजीव पाल, दिनेश यादव, बंटी साहू, गोविंद मानिकपुरी, गौरव सिंह, अक्षय नवरंग, मिश्री लाल साहू, दीपक कौशिक, अशद खान, सचिन भवानी, अमर साहू, आनंद पाठक, दिलबाग सिंह, बंटी सोनी, विकास साहू, दौलत साहू, नरसिंह वैष्णव, हरिशंकर साहू, भुनेश्वर साहू रमाकांत ठाकुरए सुनील यादवए राजेंद्र साहूए नवीन साहूए रूसू नर्मिलकर आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डिजिटल स्मार्ट क्लासेस में सम्मान समारोह

**बिलासपुर।** डिजिटल स्मार्ट क्लासेस चकरभाठा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक व जनपद अध्यक्ष बिल्हा डॉ. रामकुमार कौशिक,




सीईओ मणिशंकर व शिक्षक जय कौशिक व कोंचिग संचालक इंजी राकेश कौशिक, डा. नवनीत कौशिक , सोनू कौशिक उपस्थित थे। जिसमें कक्षा 10 वी में प्रथम नमिता कौशिक 95 प्रतिशत व श्रेया कौशिक 94 प्रतिशत व देव कौशिक 87 प्रतिशत व लगभग 50 बच्चों को पुरुस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान वाले 10वीं के बच्चों को मोमेण्टम व 5001 रुपए व द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को 2001 रुपए देकर सम्मानित किया गया। कोचिंग संचालक इंजी. राकेश कौशिक ने बताया कि यह संस्था प्रत्येक वर्ष बच्चों को आगे बढ़ने व अपने जीवन में कामयाब होने के लिए समय.समय पर लगातार मार्गदर्शन देते रहता है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



हरदेवलाल मंदिर, मरीमाई मंदिर, काली मंदिर, श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सहित शहर के अन्य देवी मंदिरों में शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र उत्सव सोमवार को आरंभ हुआ। सभी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की गई।





# देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में की गई घट स्थापना

## गाए गए जसगीत, भजन, श्रद्धालुओं का लगा तांता


तेलीपारा में विराजी मां अम्बे।


सागर होम्स, नेचर सिटी में विराजी आदिशक्ति।


गांधी चौक में विराजी मां दुर्गा।


सांई विहार तिफरा में नवदेवी विराजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री पीताम्बरा पीठ सुभाष चौक सरकण्डा स्थित त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त मध्यान में 118 श्री मनोकामना घृत ज्योति कलश का प्रज्जवलन कर ज्वारोपण, ध्वजारोहण किया गया।

मंदिर में स्थित श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार शैलपुत्री देवी के रूप में किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व श्री सिद्धि विनायक का पूजन, श्रृंगार एवं श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में पूजन किया जाएगा।



### मंदिरों में उमड़ी भीड़

शहर के दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, मरीमाई मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, प्रज्ञापीठ सरकंडा, रेल्वे सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि श्रद्धा-भक्ति से मनाई जा रही है। सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रही। दर्शन, पूजन का क्रम निरंतर चलता रहा।

### की गई अखण्ड ज्योति स्थापना

सदर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को अखण्ड ज्योति की स्थापना की गई। षष्ठी को 28 सितंबर को प्रातः 11 बजे से कन्या पूजन किया जाएगा। दशमी पर 2 अक्टूबर को हवन कर जवारा विर्सजन किया गया। वहीं 8 अक्टूबर से 5 नवंबर तक कार्तिक माह पूजन होगा। अर्चन के साथ कथा पर्व प्रारंभ होगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि लक्ष्मी प्राप्ति हेतु शुद्ध तिल तेल से ज्योति कलश का प्रज्जवलन किया गया है। नवरात्रि कार्यक्रम में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सेवा संघ एवं दैवी संपद मंडल के सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

### कराया गया कन्या भोजन

हरदेव लाल मंदिर में अभिजीत मुहुर्त में घट स्थापना पुजारी पं. कृष्णा मिश्रा के सानिध्य में किया गया। हरदेव लाल भगवती मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन देवी पूजा के साथ ही सोहगली पूजा भी हो रही है। मुंडन संस्कार कराए जाएंगे। सेवा गीत के साथ ही भजन कीर्तन गाए जा रहे हैं। कन्या भोज व भण्डारा चल रहा है। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष राजेश पाण्डेय सहित अन्य सभी सदस्य व सेवादारों का सहयोग मिल रहा है।

### सैकड़ों लोगों ने लिया प्रसाद

तिफरा स्थित काली मंदिर में इस शारदीय नवरात्रि में चार सौ कलश का प्रज्जवलन किया गया है। मंदिर के पुजारी भवानीदास महराज ने बताया कि नवरात्रि के दौरान भागवत, जसगीत सहित अन्य धार्मिक आयोजन हो रहा है। संतों का आगमन हो गया है। सोमवार को भण्डारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। दूर-दराज से लोग पूजन, दर्शन के लिए पहुंचे।

## आह्वान गीत, संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति

बंगाली समाज विनोबा नगर द्वारा सीएमडी चौक स्थित लायन्स क्लब में 'आगोमोनी' माँ दुर्गा की स्तुति, आवाहन गीत, संगीत एवं नाटक प्रस्तुत कर मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ रूपक चटर्जी, डॉ हेमन्त चैटर्जी एवं डॉ सुदिप्तों दत्ता, उपाध्यक्ष देवाशीष नंदी डी के बोस अध्यक्ष भाषण देवाशीष नंदी एवं उद्बोधनी संगीत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में समूह गीत में अपराजिता चौधरी, गोपा दास गुप्ता, स्तुति दत्ता, अपर्ना घोष, मौमिता चक्रवर्ती, रिता कर्मकार, प्रोतिमा पाल, मौसुमी चक्रवर्ती, श्रावनी दत्ता, सौरभ चक्रवर्ती, शुभ्रांशु घोष, देवाशीष नंदी, सौभिक दास गुप्ता एवं की बोर्ड में कैलाश डडवानी तथा सेक्सोफोन में डॉ सुदिप्तो दत्ता ने भाग लिया। एकल संगीत मौसमी चक्रवर्ती, तुहीन चैटर्जी, श्रावनी दत्ता, सुक्ती बिश्वास, बापी घोष एवं नृत्य में मौमिता, पूजा, सुस्मिता, शान्तोना, स्नेहा, तनिमा सुमिता, पुजा पालित एवं गोपा दास गुप्ता के नृत्य परिचालन में मनमोहक प्रस्तुती दिया। आयुष प्रामाणिक, डॉ. गोपाल चन्द्र मुखर्जी एवं नमिता घोष द्वारा कविता पाठ किया गया। वरिष्ठ सदस्य आरएन चटर्जी को सम्मान पश्चात श्रेयाशी सोम एवं देबलीना मुखर्जी को विशिष्ट उपलब्धि के लिये बधाई दिया गया। राजा दास गुप्ता द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक मानोत में प्रोतिमा पाल, स्मृति मुखर्जी, रिता कर्मकार, स्नेहा घोष, अपरजिता चौधरी, अपर्णा घोष,सन्दिप दास गुप्ता, बापी घोष इत्यादि ने अभिनय का जलवा बिखेरा।



## श्रवण बाधित बालिकाओं को कराया महामाया का दर्शन



शांता फाउंडेशन ने सत्य साईं हेल्प वे विद्यालय नूतन चौक सरकंडा के श्रवण बाधित बालिकाओं को नवरात्रि के प्रथम दिन रतनपुर मां महामाया देवी, गिरजा बंद हनुमान मंदिर एवं भैरव बाबा मंदिर का दर्शन करवाया। महामाया दर्शन कराने का यह सातवां वर्ष है। संस्था के संस्थापक नीरज गेमनानी ने कहा कि स्पेशल चाइल्ड के लिए सेवा करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। यह सेवा कार्य अनुराग तिवारी, अनिता अग्रवाल और प्रशांत मोकासे के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस मौके पर हीरानंद छुगानी, डी विनीता रॉव, जसमीत सिंह टूटेजा, प्रवीण पांडेय, सुमित टाह, अनिता तिवारी, दीपिका मिश्रा, शांति कोकिला, निकिता, अनिता, रेखा एवं समस्त टीचर्स-स्टाफ उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती समारोह विधायक अमर के आतिथ्य में संपन्न

# अग्रवाल समाज की विभूतियों व 11 समाज के अध्यक्षों का सम्मान

**बिलासपुर।** श्रीकांत वर्मा स्थित कुंदन पैलेस में सोमवार को अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इसमें अग्रवाल समाज की प्रमुख विभूतियों, 11 समाज के अध्यक्षों व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 3 सौ प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले लोग अग्र रत्न से सम्मानित हुए।

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विगत 31 अगस्त से पूरे 15 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें समाज के नवयुवकों व महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। अग्रसेन जयंती पर सोमवार को सुबह महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर महा आरती की गई। शहर के गायत्री मंदिर के पास विनोबा नगर, मुरारका भवन के सामने, अग्रवाल खाद भंडार तोरवा, एएस , जेपी रेसिडेंसी व स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा, मानव सेवा मंगला, व्यापार विहार, देवरी खुर्द तोरवा, लायंस क्लब सीएमडी कॉलेज चौक सहित 10 प्रमुख स्थानों पर भंडारा किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य समारोह शाम को कुंदन पैलेस में आयोजित किया गया। यहां अतिथि बजरंग केडिया ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के बाद सवामणि प्रसाद लगाए गए। इसके बाद अग्रवाल सभा, अग्रसेन जयंती समारोह समिति, अग्रवाल नवयुवक समिति, अग्रवाल महिला समिति, अग्रसेन भवन समिति, अग्रोहा भवन समिति, अग्रसेन शिक्षण समिति, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व कार्यों की जानकारी दी।





### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अग्रवाल समाज के शिवकुमार अग्रवाल, सुनील सोंथलिया, अंकुर अग्रवाल चतुर्भुज, अनिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, महेश बेनी गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राजू केडिया, अजय जाजोदिया, संजय मित्तल, नितिन बेरीवाल, सीए ओम मोदी, अजय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, आयोजन समिति में विवेक मित्तल, सूर्यकांत जाजोदिया, अमित लोहिया, अभिषेक सोंथलिया, चंचल अग्रवाल, अभिषेक बुधिया, विनीत मित्तल, महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया की उपस्थिति रही।

### केक काटकर बांटी गई खुशियां

विधायक अमर अग्रवाल के जन्मदिन पर अग्रवाल समाज की ओर से उनका भव्य सम्मान किया गया। केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई।

### कलेक्टर ने खेली हाऊजी

अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर म्यूजिकल हाऊजी खेली गई। इसमें 2 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेकर आनंद उठाया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी परिवार सहित हाऊजी खेली एवं समाज के लोगों को अग्रसेन जयंती की बधाई दी। संगीतमयी इस हाऊजी में विजेताओं को उपहार के रूप में चांदी का सिक्का दिया गया।

## खबर संक्षेप

### फेरीवाले से लूटा मोबाइल, 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फेरीवाले से मारपीट कर लूटपाट करने के बाद एक बाइक सवार से झपट्टा मारकर लूटने वाले बाइक सवार नाबालिग सहित चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 20 सितंबर को अमेरी विशाल नगर में सामान बेचने के लिए फेरा लगा रहे व्यक्ति से बाइक सवार 4 युवकों ने मारपीट की और नकद रकम लूटकर भाग गए। उसके बाद युवकों ने सैदा तिवारीपारा के पास ससुराल दोकलाड़ी से लौट रहे बाइक सवार आसमां सिटी निवासी सेवा निवृत्त त्रिलोचन सिंह ध्रुव से झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग गए। इधर विशालनगर के लोगों ने फेरीवाले से मारपीट लूट की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अमेरी निवासी संजया रात्रे उर्फ फुस्की, विनय जांगड़े, आधार शुक्ला व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर चारों ने दोनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

### फांसी लगाकर की थी खुदकुशी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जबदस्ती पैसे की मांग करने से प्रताड़ित होकर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने अवैध वसूली करने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, पेंडारी माता चौरा निवासी अमित वस्त्रकार पिता स्व. अर्जुन वस्त्रकार 17 साल ने 10 सितंबर को दोपहर 2 बजे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस ने उसके पास से सुसाइड नोट जब्त किया था। उसने आरोप लगाया था प्रितम साहू, सिद्ध यादव बिना उधार लिए उससे जबरदस्ती पैसे की मांग कर रहे थे। दोनों की प्रताड़ना से आत्महत्या कर रहा है। जांच के बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हावड़ा, मुंबई से बिलासपुर आने जाने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री हलाकान

# कुड़मी समाज का आंदोलन समाप्त फिर भी ट्रेनों की चाल नहीं सुधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

चक्रधरपुर और खड़गपुर मंडल में कुड़मी समाज का आंदोलन समाप्त होने के बाद भी ट्रेनों की चाल में कोई सुधार नहीं हो सका है। हावड़ा के साथ मुम्बई से बिलासपुर, रायपुर और अन्य स्टेशनों से चलने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री हलाकान होते रहे।

तीन दिन पहले दक्षिण पूर्व रेलवे और चक्रधरपुर, खड़गपुर रेल मंडल में कुड़मी समाज ने आंदोलन शुरू कर दिया था। इस दौरान समाज के लोगों ने रेल लाइन पर बैठकर ट्रेन परिचालन को भी रोक दिया, जिसके कारण हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई जाने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य मार्गों की ट्रेनों का परिचालन घंटों प्रभावित रहा। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने खान-पान की व्यवस्था तो की, लेकिन ट्रेन की चाल में कोई भी बढ़ोत्तरी नहीं हो सकी। कई ट्रेनों को डायवर्ट करने के साथ अचानक कई एक्सप्रेस व



सुपरफास्ट को रद्द भी किया गया। इसका प्रभाव सोमवार को भी बिलासपुर आने वाली ट्रेनों पर रहा। रविवार को कुड़मी समाज का आंदोलन तो समाप्त हो गया, लेकिन ट्रेन की चाल पैसेंजर और लोकल की तरह रही। रेलवे के अनुसार लेट पहुंचने वाली ट्रेनों के मेंटनेंस व अन्य कार्यों के अलावा रैक की कमी के चलते संबंधित स्टेशन से निर्धारित समय से लेट रवाना किया गया। वहीं सोमवार को हावड़ा से बिलासपुर होकर रायपुर, नागपुर से मुम्बई जाने वाली और वापसी में मुम्बई से बिलासपुर होकर रायगढ़, झारसुगुड़ा, हावड़ा की ओर जाने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी बनी रही। इसमें मुख्य रूप से सुबह 4.40 बजे बिलासपुर आने वाली रक्सौल-हैदराबाद ट्रेन 23 घंटे से अधिक लेट रही। इस ट्रेन के अलावा सुबह 7.05 बजे आने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 19 घंटे, देर रात 1 बजे आने वाली 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस 4 घंटे, देर रात 1.25 बजे आने वाली 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस 14 घंटे, 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 5 घंटे, दोपहर 2.55 बजे पहुंचने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी एसी दूरंतो एक्सप्रेस 5 घंटे से अधिक, सुबह 11.35 बजे पहुंचने वाली हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 9 घंटें, शाम 4.50 बजे पहुंचने वाली 12880 भुवनेश्वर-मुम्बई एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे, शाम 4.10 बजे पहुंचने वाली पुरी-उधना जंक्शन 5 घंटे 10 मिनट, शाम 5.30 बजे पहुंचने वाली आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 4 घंटे, शाम 7.10 बजे आने वाली 18109 टाटानगर जंक्शन से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी जंक्शन 4 घंटे विलंब से पहुंचने के कारण सफर करने वालों के साथ स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्री भी घंटों परेशान होते रहे।

# जसबीर ने छोड़ी आम आदमी पार्टी

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव जसबीर सिंग चावला ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने सोमवार को अपना त्याग पत्र राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक को भेज दिया है। उन्होंने अपने त्याग पत्र में पार्टी छोड़ने के पीछे कई कारण भी बताया है। जसबीर ने त्याग पत्र भेजने के बाद बताया कि आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद वे जल्द ही प्रदेश स्तर पर नई पार्टी बनाएंगे और छत्तीसगढ़ में तीसरा विकल्प के रूप में प्रदेश स्तरीय नई पार्टी बनाने की तैयारी में लगे हैं।



- पार्टी प्रदेश प्रभारी को भेजा इस्तीफा

आम आदमी पार्टी में जसबीर सिंह चावल लगभग 14 साल तक जुड़े रहने के बाद आज पार्टी से त्याग पत्र दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक को भेजे गए अपने त्याग पत्र में पार्टी छोड़ने के पीछे 10 कारणों का उल्लेख करते हुए कहा है कि मेने जाने के बाद जो पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी में हैं और आने वाले दिनों में पार्टी ज्वाइन करेंगे, उनके साथ वह सब न हो जो उनके साथ और उनके जैसे कई पदाधिकारियों के साथ हुआ है। उनके अनुसार पार्टी में कार्यकर्ता, पदाधिकारियों का सम्मान नहीं होता, चाटुकारिता हावी हो गई है और समय रहते कार्रवाई नहीं करने के कारण प्रदेश अध्यक्ष हुक्कमरान हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल का अब किसी कार्यकता, पदाधिकारी से संवाद होता नहीं, वे लोगों से मिलते नहीं।

प्रदेश पदाधिकारियों को हर बात के लिए दिल्ली से पूछने कहा जाता है। पार्टी का छत्तीसगढ़ के लिए कोई ठोस विजन नहीं है और विधानसभा चुनाव के 24 महिने बाद भी प्रदेश के लिए कोई गेम प्लान नहीं है। पार्टी की कोई स्पष्ट आडियोलाजी नहीं है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पदाधिकारी कांग्रेस को विपक्ष में मजबूत होने की बात को सिरे से खारिज कर देते हैं। अब पार्टी अपने संविधान अनुसार कार्य नहीं कर रही है और छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता साथियों को अंधेरे में रखा जा रहा है। जसबीर का यह भी कहना है कि पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ में पार्टी कार्य करते हुए नहीं दिख रही है।

## कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बीती रात बाइक सवार युवक को विपरीत दिशा से रांग साइड चल रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



मृतक।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका राधिक विहार निवासी सौम्य शर्मा रविवार की रात 12.30 बजे बाइक रायल एनफील्ड से अशोक नगर से अपने घर जा रहे थे। अशोकनगर चौक आरके पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 बीएच, 0662 के चालक ने तेज गति से रांड साइड में गाड़ी घुसाकर बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में सौम्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व सौम्य के दोस्त मौके पर पहुंच गए। दोस्त के द्वारा उसे इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सौम्य शर्मा मूलत: बिरकोना के रहने वाले थे। स्कूली पढ़ाई करने के बाद कालेज की तैयारी कर रहे थे। उसके पिता ग्राम गतौरा में मेडिकल की दुकान चलाते हैं। मौत की खबर से घर से मातम छा गया है। पुलिस ने मृतक के जीजा शिवराज शिवा पाण्डेय की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



दुर्घटनाकारित कार।

## सिरगिट्टी क्षेत्र में जुआ खेलते 9 जुआरी पकड़े गए

**बिलासपुर।** बीती रात पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते 9 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया, बाद में सभी को मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली, तिफरा मन्नाडोल रेलवे पटरी किनारे कुछ लोग एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उनके द्वारा शोर मचाने से आसपास में रहने वालों को भारी परेशानी हो रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्टाफ के साथ रेलवे पट्टी किनारे घेराबंदी करते हुए दबिश देकर जुआ खेलते रवि राव पिता लक्ष्मण राव निवासी आर्दश नगर सिरगिट्टी, चिराक टेकनानी पिता राजकुमार टेकनानी सांई मंदिर के पास तोरवा, द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी पिता चोलाराम अटर्रा हिर्री, बलराम जायसवाल पिता स्व. धनीराम जायसवाल 38 साल आवासपारा सिरगिट्टी निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 3 हजार 830 रुपए जब्त किए गए। इसी तरह मन्नाडोल खेत में दबिश देकर जुआ खेलते दयादनी लहरे पिता सहेत्तर लहरे धमनी सरगांव, नीरज रजक पिता गणेश रजक महिमा नगर सिरगिट्टी, श्याम रजक पिता मिलउ रजक गोविन्द नगर सिरगिट्टी, विनय प्रधान पिता तपन प्रधान जबड़ापारा, सुभाष यादव पिता शत्रुहन यादव अशोक वाटिका अशोकनगर निवासी को पकड़कर 13 हजार 390 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।





## खबर संक्षेप

### तिवारी को तखतपुर एसडीएम का प्रभार

**तखतपुर।** अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर अरूण कुमार खलखो के अस्वस्थ्य होने के कारण कलेक्टर बिलासपुर ने उनके स्थान पर कोटा एसडीएम नितिन तिवारी को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से तखतपुर अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार सौंपा है।

### तहसीलदार शुक्ला की तखतपुर में पदस्थापना

**तखतपुर।** तखतपुर में नए तहसीलदार के रूप में शशांक शेखर शुक्ला की पदस्थापना की गई है, वहीं तखतपुर में पदस्थ तहसीलदार पंकज सिंह का तबादला कलेक्ट्रेट के भू-अभिलेख शाखा में कर दिया गया।

## निधन

### पं. हनुमान प्रसाद शुक्ला

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर निवासी पं हनुमान



प्रसाद शुक्ला हन्नू का 22 सितंबर को रायपुर में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे विनय तथा लक्ष्मी कांत शुक्ला के पिता थे।

### बलदाऊ प्रसाद गुप्ता

**बिलासपुर।** ग्राम गुड़ी के प्रतिष्ठित



नागरिक गौटिया बलदाऊ प्रसाद गुप्ता का 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 सितंबर मंगलवार को गृह ग्राम गुड़ी में सुबह 11 बजे होगा। वे 88 वर्ष के थे।

### पीआर सावरकर

**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 42 देवरीखुर्द निवासी



पी आर सावरकर का निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 सितंबर को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेन्द्र सावरकर के पिता थे।

### अंकिता कपाले

**बिलासपुर।** पारिजात कॉलोनी निवासी सुश्री



अंकिता कपाले का 22 सितंबर को निधन हो गया। वे 29 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 23 सितंबर को दोपहर में सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील कपाले की पुत्री थीं।

### गिरिजबंद हनुमान का दर्शन कर की यात्रा की शुरुआत

# क्षेत्र में समृद्धि के लिए सुशांत ने निकाली ध्वजा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि के पहले दिन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सुख समृद्धि और मंगलकामना की दृष्टि से रतनपुर नवागांव स्थित गिरिजाबंद हनुमानजी का दर्शन पूजन कर ध्वजायात्रा आरंभ की। उन्होंने हनुमानजी से ध्वजा यात्रा की निर्विघ्नता पूर्ण सम्पन्नता हेतु प्रार्थना की।

पदयात्रा का श्रीगणेश कर प्रथम दिवस नवागांव, मेलनाडीह, कर्रा (रैनपुर), जाली, बेलतरा, बेलपारा, अंधियारी पारा, बगदेवा सहित कोरबी तक 25 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस दौरान वे गांव के ख्यातिलब्ध मंदिरों और रास्ते में पड़ने वाले देव स्थलों का दर्शन कर ध्वजा भेंट कर रहे हैं। ध्वजा यात्रा के प्रति ग्रामीणजनों में भी अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। गांव के महिला पुरुष और सामाजिक संगठन के लोग स्वयमेव ही गांव के मुहानों और प्रमुख स्थलों में एकत्र होकर बड़े ही उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, प्रणव शर्मा, समदरिया, उमेश गोरहा, मनीदास मानिकपुरी, मनीष कौशिक, पेशी जायसवाल, मोनू, रत्नाकर श्रीवास, पवन कश्यप, शैलू गोरख, भरत कश्यप, गंगा साहू, मनोज पटेल, सुनील श्रीवास, योगेश दुबे, जोगेंद्र कश्यप, पुरुषोत्तम पटेल, प्रीतेश सोनी, संतोष दुबे, बुद्धेश्वर कश्यप, कुशल सोनी, त्रिदेव रजक, कमल पटेल, सीता ठाकुर, लक्ष्मी जायसवाल, कृष्णा यादव, दिनेश सिंह, यशवंत, लक्ष्मी सिंहा, पवन सिंह, अंकुर सिंह, अंजनी गढ़वाल, कुंती मेहर, रुक्मिणी साहू, शकुन्तला कच्छी, शैल कश्यप, सीमा मानिकपुरी, धनमत पटेल उपस्थित थे।



पदयात्रा में शामिल बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला।

### धार्मिक भावना से ओतप्रोत

यात्रा के उद्देश पर चर्चा करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने बताया कि यह यात्रा विशुद्ध रूप से धार्मिक भावना से ओतप्रोत है। सनातन धर्म की में संस्कृति को भव्यता दिव्यता प्रदान करने ,सुदूर क्षेत्रों में चल रहे मतांतरण के कुचक्र को रोकने तथा और वंचित समाज के जीवन को समृद्ध बनाने की कामना से यह ध्वजा यात्रा का सृजन किया गया है जो विशुद्धरूप से धार्मिक भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने आदिशक्ति मां महामाया से कामना करते हुए कहा कि मां जगतजननी नवरात्रि की इस पावन बेला में अपने सभी शक्तियों के साथ प्रत्यक्ष हैं। वे अपनी कृपा करुणा से सभी को अभिभूत करें। लोगो के जीवन में आने वाले संकटों का मोचन करे सभी सुख समृद्धि को प्राप्त करें यात्रा का यही उद्देश्य है।

## पुल पर पड़ा मिला आठ माह का भ्रूण, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मनियारी नदी के पुल के ऊपर आठ माह का भ्रूण मिलने से आस पास क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भ्रूण लगभग आठ माह का बताया जा रहा है, जिसके शरीर के सभी अंग बन गए थे।

नगर के मनियारी नदी पुल के ऊपर सोमवार सुबह भ्रूण मिला, जो एक पन्नी में रखा हुआ था। देखने से ऐसा लग रहा था, कि कोई इस भ्रूण को मनियारी नदी के बहते पानी में फेंकने के लिए आया था। आशंका जताई जा रही है कि, नदी में फेंकते वक्त हड़बड़ी में पन्नी में रखा भ्रुण शायद जमीन पर ही छूट गया होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि, किसी के आने की आहट पाकर वह व्यक्ति डर के मारे भ्रूण को सड़क पर ही छोड़कर भाग गया। सड़क किनारे पड़े भ्रूण को देखकर धीरे-धीरे भीड़ इकठ्ठा हो गई एवं मामले की सूचना तखतपुर थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे एवं भ्रूण को उठावाकर पंचनामा कराया गया।

## सरपंच के साथ गाली-गलौज, मामला दर्ज

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के सरपंच के साथ शौचालय बनवाने के नाम पर गाली-गलौज की गई। मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघनपुरी सरपंच अंजनी धूलिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 22 सितम्बर को 11 बजे सुबह राजेंद्र मंगेश्कर और उसकी पत्नि तीजन बाई मंगेश्कर उनके घर आए, और अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम अलग-अलग शौचालय बनवाने की मांग करने लगे। इस पर सरपंच ने सभी को अलग-अलग आवेदन देने की बात कही। साथ ही उन्होंने एक ही परिवार में दो शौचालय नहीं बनने की बात कही। इस बात से नाराज होकर राजेंद्र और उसकी पत्नि तीजन बाई ने सरपंच अंजनी धूलिया के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत की गई सफाई

**लोरमी।** 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तीसरे दिन शुक्रवार को नगर पालिका लोरमी की ओर से शुभ पेट्रोल पंप से चार खंभा मुंगेली चौक तक मुख्य मार्ग की साफ-सफाई की गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया दिया गया।

इस स्वच्छता जागरूकता अभियान में श्री राम कथा समिति, अधिवक्ता संघ, हार्डवेयर इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी संघ, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, सभापति राजेंद्र सलूजा, विश्वास दुबे, पार्षद सोहन डडसेना, मुख्य नपा अधिकारी चंदन शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। 17 सितंबर से उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान में लगभग 30 सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं की सहभागिता है। इस मौके पर नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने मुख्य मार्ग को शहर की पहचान बताते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपने संस्थानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने और ग्राहकों को स्वच्छता का महत्व समझाने का आग्रह किया। श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश सोनी ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि, शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस अवसर पर मुख्य नपा अधिकारी चंदन शर्मा, शैलेन्द्र सलूजा, अशोक साहू, जयराम साहू, अशोक शर्मा, छेदु यादव, नीतेश अग्रवाल सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।



स्वच्छता अभियान में शामिल लोग।

## शिक्षा समाज और व्यक्ति का दर्पण है: धर्मजीत

**सकरी।** शिक्षा ही समाज को सही दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब तक हमारे गांव और कस्बों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं पहुंचेगी, तब तक समाज में वास्तविक बदलाव संभव नहीं है।

कहा गया है कि, शिक्षा ही समाज और व्यक्ति का दर्पण है, यहां बनने वाला भवन सिर्फ ईंट, सीमेंट और रेत का ढांचानुमा संरचना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की नींव है। उक्त बातें ग्राम भरनी में 1 करोड़ 21 लाख की लागत से शासकीय उमा विद्यालय भवन के भूमिपूजन अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। इस दौरान श्री सिंह ने आने वाले समय में 10 लाख की लागत से प्रार्थना शेड बनाने की घोषणा की। साथ ही विद्यार्थियों को पाठ्य सहगामी क्रियाओं के संचालन के लिए आवश्यक साधन संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने बताया कि, विधायक धर्मजीत सिंह ने शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए अब तक 8 करोड़ रूपए की लागत से शेड निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शौचालय एवं बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य कराया है। शकार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सभापति भारती माली, विशाल विक्की सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष द्वय विनोद यादव, रवि मेहर, मंडल उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी, सरपंच किरण वस्त्रकार, जगतराम साहू, लक्ष्मी खांडे एवं विद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य ममता मीनाक्षी मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ बीबी जोशी एवं आभार प्रदर्शन भाजपा नेता रामचंद्र पाठक ने किया। इस अवसर पर शाला विकास अध्यक्ष भुनेश दुबे, संतराम लहरे, मनोज साहू, मोहन पाटले, सतीश सोनकर, सतीश अवस्थी, उमादत्त घिलहरे, नानकचंद साहू, राधेश्याम मंजारे, शिव वस्त्रकार, अजय यादव, कैलाश वस्त्रकार, दीपक रजक, राज कश्यप, दीपक यादव, परमानंद बघेल, संदीप सोनवानी, कृष्णा यादव एवं शाला स्टाफ विजय अवस्थी, गजानंद शेष, इंद्रमान सिंह, शारदा दुबे, संध्या दुबे, ललिता टोप्पो, सरिता मिश्रा, निधि वर्मा, रीना क्षत्री, पायल सिंह भदौरिया, अनिता मरकाम, रानू दास, परमानंद बघेल, एसडीओपी के सरकार, उप अभियंता ललित सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

■ विधायक ने किया 1.21 करोड़ के स्कूल भवन का भूमिपूजन



### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा ईश्वर धुरी, निकिता धुरी, संगीता धुरी सभी पिता स्व.श्री रामगोपाल धुरी एवं प्रमिला धुरी पति स्व. रामगोपाल धुरी निवासी डड़हा पारा वार्ड नंबर 10 बोदरी के नाम पर ग्राम डड़हा पारा बोदरी प.ह.न. 01 रा.नि.मं. बोदरी तहसील बोदरी व जिला बिलासपुर महल नंबर-5 स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 201/3 (बिलासपुर-रायपुर रेल लाइन के आसपास) स्थित भूमि जिसका कुल रकबा 0.89 एकड़ (89 डिसमिल) है, जिसे क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए, बयाना राशि दी जा चुकी है, एवं जल्द ही रजिस्ट्री कराई जानी है। इस बाबत यदि किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक/शासकीय-अर्ध शासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 5 दिनों के भीतर समस्त कागजात सहित मुझसे संपर्क कर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति नाजायज एवं शून्य मानी जावेगी। सो सूचना जानें।

भवदीय
शरद पाण्डेय, पिता
स्व.श्री अमृतलाल पाण्डेय
नंदू गैरेज के पीछे, लोहार गली
तेलीपारा बिलासपुर छ. ग.
मो. 9425543194, 7974074448

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...........ब- 121/2025
क्रमांक /293/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 10.09.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम बटहा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदराम पति/ पिता श्री कामता जाति रावत साकिन बटहा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन कामता आ. श्री पिताम्बर के जन्म/मृत्यु दिनांक 14.02.1998 ग्राम बटहा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 26.09.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### आम सुचना का खण्डन

मैं अपने पक्षकार गौरीशंकर साहू पिता गणेशराम निवासी ग्राम मोपका वाले से अधिकृत होकर दिनांक 18/09/2025 को प्रकाशित आम सुचना का खण्डन करता हूँ कि दिनांक 26/03/2025 को कार्यालय हल्का पटवारी लगरा/मोपका में ईन्द्रजीत गेंदले ने राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत किये वंशावली का अवलोकन कराकर ग्राम लगरा में स्थित भुमि खसरा नं. 631 रकबा 0.27 एकड़ को अपना बताते हुए बाजार मुल्य में बेचने का खेत में ही सौदा कर रूबरू गवाहो के समक्ष एडवांस राशि प्राप्त कर शेष बचत राशि 1,50,000/- एक लाख पचास हजार रूपये रजिस्टार में प्राप्त कर मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त भुमि का विधिवत पंजीयन कराया था। तथा मेरे पक्षकार व्यवहार वाद क्र. 291/2025 का विधिवत पालन कर रहे हैं।

अतः 18/09/2025 को प्रकाशित आम सुचना का खण्डन करते हुए नसीहत भी दिया जा रहा हैं कि मेरे पक्षकार के प्रति भ्रामक प्रचार किया जा रहा हैं कि ईन्द्रजीत गेंदले के साथ मिलकर उक्त भुमि को बिक्री किये जाने हेतू प्रयासरत हैं। तथा भविष्य में मेरे पक्षकार के प्रति किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार किये जाने पर तत्काल न्यायालय में मानहानि का दावा कर दिया जायेगा। सो अवगत हो।

दिनांक 22/09/2025

भवदीय
दुर्गाप्रसाद कश्यप
अधिवक्ता
निवासी ग्राम-नेवसा (बेलतरा)
मौं. 9893167619

## आत्मानंद स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों का सम्मान



**सीपत।** मिशन 90+ के अंतर्गत शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालय एवं शिक्षकों का सम्मान लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने किया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, केवल अंक के पीछे भागना शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और नागरिकता की भावना का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि, सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में अंतर केवल सोच का है। वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं है।यदि दृष्टिकोण सकारात्मक हो तो सरकारी विद्यालय भी उत्कृष्ट परिणाम दे सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि, उनके शिक्षक ने कठिन परिस्थितियों में हमेशा उनका साथ दिया, और उनके जीवन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही ऐसे मार्गदर्शक होते हैं जो विद्यार्थी को हर कदम पर संभालते हैं। उन्होंने शिक्षकों की निष्ठा, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं, और उनकी भूमिका राष्ट्र निर्माण में सबसे अहम है। इस अवसर पर दसवीं एवं बारहवीं सत्र 2024-25 में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल सीपत का भी सम्मान हुआ। प्रभारी प्राचार्या सरिता यादव के साथ हिंदी माध्यम से व्याख्याता विमला पटेल, शारदा यादव, संध्या यादव, सोनम साहू का भी सम्मान हुआ। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से व्याख्याता सृष्टि पाण्डे, खुशबू सूर्यवंशी, स्वाति सिंह, अर्पिता मंडल, नवीन कुमार रजक, निहाल सोनी, विनीता शर्मा, देवेंद्र पात्रे, अंकिता दुबे का सम्मान हुआ।

■ शिक्षा का मकसद सिर्फ मार्क्स नहीं, ज्ञान व संस्कार है: कलेक्टर

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**मुंगेली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला जेल मुंगेली में बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य जेल लीगल एड क्लिनिक की गतिविधियों को और सुदृढ़ करना तथा कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का परीक्षण करना था।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी, जिला कलेक्टर कुन्दन कुमार, प्राधिकरण की सचिव कंचन लता आचला, जेल अधीक्षक ममता पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण टीम ने जेल परिसर का विस्तृत भ्रमण किया और वहां बंद कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कैदियों से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, उनके स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। निरीक्षण दल ने कैदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता की जानकारी भी प्राप्त की। कैदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निजी अधिवक्ता एवं एलएससीएस अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।



जेल का निरीक्षण करते बोर्ड ऑफ विजिटर्स।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /4-121/2024-25
ग्राम-खरसोला, प.ह.नं.04

**दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति-1. मनहरण लाल पिता स्व. भूषण लाल, निवासी ग्राम व तहसील अड़भार, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) 2. सुशीला तिवारी पिता स्व. भूषण लाल, निवासी बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 3. इंद्राणी दुबे पिता स्व. भूषण लाल, निवासी ग्राम व तहसील अड़भार, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) 4. अजय कुमार पाण्डेय पिता स्व.रामभाउ पाण्डेय, निवासी ग्राम जेल रोड शास्त्री नगर वार्ड 08 कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) 5. आशीष पाण्डेय पिता स्व. रामभाउ पाण्डेय, निवासी ग्राम जेल रोड शास्त्री नगर वार्ड 08 कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) 6.अविनाश पाण्डेय पिता स्व.रामभाउ पाण्डेय, निवासी ग्राम जेल रोड शास्त्री नगर वार्ड 08 कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) 7.प्रज्ञा पाण्डेय पिता स्व. रामभाउ पाण्डेय, निवासी ग्राम जेल रोड शास्त्री नगर वार्ड 08 कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) 8. माण्डवी पाण्डेय पिता स्व.रामभाउ पाण्डेय, निवासी ग्राम जेल रोड शास्त्री नगर वार्ड 08 कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

अनावेदकगण / अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम खरसोला प.ह.नं. 04 स्थित भूमि ख.नं.126/1, 129, 273/1, 315, 352/3, 352/4, 356/2, 360/12, 360/4, 361, 400/5, 100/1,360/5 कुल रकबा 2.931हे. भूमि राजस्व अभिलेख में उभय पक्षकार के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया के समक्ष अपील प्रकरण क्रमांक 2023125050004/अ-27/2023-24 में आदेश दिनांक 16/01/2025 के अनुसार वाद भूमि का विधिवत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 25/09/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवे। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

पत्रिका बाई...वादिनी...विरुद्ध
मनोज कुमार ...... प्रतिवादी
आदेश दिनांक 10/09/2025
अपील प्र.क्र.-15/2025
पेशी तारीख - 25/10/2025
164

प्रति,
मनोज कुमार साहू पिता लल्लू साहू उम्र 30 वर्ष, निवासी-ग्राम नेवरा, तह. सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

आपके के विरुद्ध इस माननीय न्यायालय में वादिनी पत्रिका बाई पिता साधुराम उम्र 56 वर्ष निवासी-ग्राम नेवरा, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39, नियम 01 व 02 सहपठित धारा 151 व्य.प्र. संहिता की अपील पेश की गई है जिसकी पेशी दिनांक 25/10/2025 को नियत है।

आपको इस न्यायालय में दिनांक 25/10/2025 को दिन के 11:00 बजे उपरोक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा वाद का नोटिस/ समंस प्रेषित किया जा रहा है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर / अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहें जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख 25/10/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा इस न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।

दिनांक: 15/09/2025

(कु.पुष्पलता मारकण्डे)
चतुर्थ जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय-श्रीमान द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

**ज्ञापन**
**नोटिस/समंस**

रामभरोस यादव वगैरह..आवेदक / अपीलार्थीगण
**विरुद्ध** मुकेश सिंह ठाकुर वगैरह..उत्तरवादीगण
सिविल अपील ए क्र.- 50/2025
प्रो.क्रं.- 1758/2025,
आदेश दि.- 11/09/2025,
पेशी ता.-29/10/2025

प्रति,
1. मुकेश सिंह ठाकुर पिता रामनाथ ठाकुर उम्र 27 साल, 2. रामेश्वर सिंह राजपूत पिता स्व. कुंवर सिंह राजपूत दोनों निवासी 27 खोली विकास नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.), 3. ईतवारी उम्र 45 साल पिता स्व. मंगलदास 4. नारायण उम्र 40 साल पिता स्व. मंगलदास 5. रमेश उम्र 38 साल पिता स्व. मंगलदास 6. गणेश उम्र 36 साल पिता स्व. मंगल दास 7. सुखराम उम्र 26 साल पिता स्व. मंगल दास 8. संतोष उम्र 28 साल पिता स्व.मंगल दास 9. श्रीमती सावन बाई उम्र 50 साल पुत्री स्व. मंगल दास 10. श्रीमती बेनबाई उम्र 54 साल पुत्री स्व.मंगल दास 11. श्रीमती गुलाबा बाई उम्र 52 साल पुत्री स्व. मंगल दास 12. श्रीमती खोरी बाई उम्र 72 साल पति स्व. मंगल दास 13. बैसाखू पिता करमू 14. संतोष कुमार उम्र 32 साल पिता स्व. बुद्धू 15. भगवंतीन बाई उम्र 32 साल पिता स्व. पकला 16. सोनी उम्र 30 साल पिता स्व. मंगल क्रमांक 03 से 16 सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम देवतरा पो.आ.-बीजा थाना व तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक/अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में स्वत्व की घोषणा एवं स्थायसी निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 29/10/2025 को नियत है। आपको इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 29/10/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदक द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 17/09/25
स्थान-बिलासपुर

न्यायाधीश
द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

### मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 686/RTO/25 दिनांक 08/09/2025

श्री **वकील कश्यप** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डस इण्ड बैंक लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.एन. 5329** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

स्वामी जी-93406-38884



सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्राति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-19501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411


आभार ...
मेरे जन्मदिन पर आप सभी के द्वारा प्रेषित
शुभकामनाओं, स्नेहपूर्ण संदेशों एवं
आत्मीय आशीर्वचनों के लिए
मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।
पुनः आप सभी का कोटिशः धन्यवाद
एवं आभार।
आपका अपना -
अमर अग्रवाल
विधायक बिलासपुर
दीपक सिंह ठाकुर
जिलाध्यक्ष- शहर बिलासपुर
भारतीय जनता पार्टी
दुर्गेश पाण्डेय
संतोष सिंह
दुर्गा कश्यप
प्रकाश यादव
हरि गुरुंग
श्रीनिवास राव
तुषार दोषी
विष्णु सोनी
संदीप दास
विनय अवस्थी
अश्वनी यादव
राज यादव
अभय राय
गुरमुख
सरवर
अजय श्रीवास

## खबर संक्षेप

### स्कूल में साफ-सफाई कर दिया गया स्वच्छता का संदेश



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनापुर संकुल केंद्र ढोलगी में शासन के आदेशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओ, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने मिलकर सामूहिक रूप से शाला परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही रैली निकाल कर सभी को अपने आसपास स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया गया। पंच आशा दीपक ने कहा कि, स्वच्छता का हमारे जीवन में अहम योगदान है। गंदगी से ही विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। प्रधान पाठक रघुनाथ राठौर ने कहा कि, स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। रैली में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में सहयोग कर गांव को स्वच्छ बनाने का आग्रह ग्रामवासियों से किया गया। शिक्षक रूपेश ने सभी छात्र-छत्राओं को स्वच्छता से होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभ के बारे में बताया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला परिसर में रुद्राक्ष का पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर सफाईकर्मी कोमल यादव, ग्रामवासी किशन साहू, कुमारी साहू, लता केंवट, सोंन कुंवर बैगा, गीता बैगा, समारू बैगा आदि उपस्थित रहे।

### जीएसटी को लेकर निकाली गई आभार रैली



**जरहागांव।** केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म कर आम जनता को दीवाली का उपहार दिया है। जीएसटी की नई दरों से जुड़ी जानकारियां जन-जन तक पहुंचाने नगर पंचायत जरहागांव में विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में आभार एवं जन जागरूकता रैली निकाली गई। जरहागांव के मुख्य मार्ग से रैली निकाल कर बस स्टैंड तक भ्रमण किया गया। नगर के साप्ताहिक बाजार में लोगों की भीड़ के बीच जाकर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, मोदी सरकार ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार की सार्वजनिक रूप में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, इससे दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर बड़ी बचत होगी। इस दौरान लोगों ने रैली में उपस्थिति लोगों का स्वागत किया। रैली में बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर बंटी जायसवाल, राकेश सिंह बेस, जिला सदस्य उमाशंकर साहू, नितेश भारद्वाज, नगर अध्यक्ष रूपाली वेद प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, धीर सिंह बंजारे सुरेंद्र कश्यप, संतोष साहू, सुरेश साहू, अश्वनी कश्यप, हेमलाल कश्यप आदि शामिल रहे।

### साहू संघ के अध्यक्ष नीरेंद्र का पेंड्रा नगर में स्वागत



**पेंड्रा।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू एवं सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का गौरेला में जिला साहू संघ के अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गौरेला नगरपालिका के सीएमओ नारायण साहू, सचिव विश्वनाथ साहू, कोषाध्यक्ष विजय साहू, प्रिया साहू, लवकेश साहू, लखन साहू, तहसील अध्यक्ष कमल साहू, उपाध्यक्ष मनोज साहू, मीना साहू, युवा विंग से मिथलेश साहू, अंकन साहू, सारंग साहू, मोनू साहू, काशी साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यकारिणी से उपाध्यक्ष तिलक साहू, सत्यप्रकाश साहू, साधना साहू, सचिव डॉ सुनील साहू, चंद्रवती साहू और प्रदीप साहू का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। स्थानीय होटल कला निकेतन में आयोजित इस कार्यक्रम में रात्रि विश्राम के बाद बाद प्रदेश की टीम अगले कार्यक्रम के लिए कोरिया रवाना हुई।

### कलेक्टर ने की पीएम आवास की समीक्षा



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में प्रगतिरत एवं अप्रारंभ आवासों की प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने जिले में सभी प्रगतिरत एवं अप्रारंभ आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर ने आवास कार्य में बेहतरीन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने की बात कही।

## नौ दिनों तक रहेगी पर्व की धूम, जगह-जगह पंडालों पर दुर्गा स्थापित कर की जा रही पूजा

# माता की आराधना में डूबा अंचल, मंदिरों में जले आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिर सहित घरों में भी आस्था के ज्योत जले। नगर के महामाया मंदिर सहित चंडी मंदिर, कैलाश नगर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत सोमवार से हो गई है एवं पूरा क्षेत्र माता की आराधना में डूब गया है। सुबह से ही भक्त देवी मंदिर में पहुंच माथा टेक कर अपनी खुशहाली की कामना करते रहे। इसके साथ ही जगह-जगह पंडाल पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई।

नगर के महामाया मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में आचार्य ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया। महामाया मंदिर में तेल के 719 और घी के 46 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। अगले नौ दिनों तक क्षेत्र मां की भक्ति में लीन रहेगा। महामाया मंदिर प्रतिदिन रात्रि में दिव्य श्रृंगार होता है, जिसका दर्शन करने के लिए श्रद्धालु



देर रात मंदिर में मौजूद रहते हैं। ज्योति कलश प्रज्वलित करने के अवसर अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य दिलहरण दुबे, यजमान संगीता बजरंग गुप्ता, किशन सचदेव, अभिषेक पांडे, अजय पांडेय, परमेश्वर सिंह, राजू ठाकुर, तिलक ताम्रकार, दुर्गा यादव, राजू यादव, रमेश पटेल, पुजारी राजेंद्र गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी, सूरज ठाकुर, आयुष ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया डिडनेश्वरी का दर्शन



**मल्हार।** शारदीय क्वांर नवरात्र के पहले दिन सोमवार को 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां डिडनेश्वरी का मां शैलपुत्री के रूप में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी कमल अवस्थी ने सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन सम्पन्न कराया। दोपहर अभिजीत मुहूर्त में प्रथम ज्योति प्रज्वलित की गई। इस बार 4 हजार 1 भक्तों ने मनोकामना के दीप जलवाए हैं। आचार्य नरेश पांडेय ने वेदी पूजा के साथ सभी अनुष्ठान संपन्न कराया व ललिता सहस्त्रनाम पाठ, दुर्गा सप्तसती पाठ शुरू किया गया। इस तरह प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवरात्र अनुष्ठान संपन्न होंगे। वही मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत ज्ञान कथा का संगीतमय शुभारम्भ व्यास आचार्य मयंक पांडेय के श्रीमुख से हुआ। नवरात्र पर्व के प्रथम दिन होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने ज्योति कलश दर्शन व परिक्रमा कर मनवांछित फल की कामना की। शाम की भव्य मंगल आरती में सैकड़ों महिलाए शामिल हुईं। इस नवरात्रि 3 हजार 700 तेल ज्योति कलश व 301 घृत ज्योतिकलश प्रज्वलित हुएं हैं।

### साव, तोखन सहित अन्य दिग्गजों के नाम से ज्योति कलश प्रज्वलित

**पथरिया।** नगर के प्राचीन सिध्द शक्तिपीठ महामाया मंदिर पथरिया में शारदीय नवरात्र पर्व पर घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हुआ। इसमें मुख्य रूप से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं पूर्व मंडी बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला के नाम से भी दीप प्रज्वलित किया गया है। महामाया मंदिर मे अब तक 349 दीप प्रज्जवलित हैं एंव विशेष पूजा-अर्चन भी की जा रही है। इसी तरह चोरभट्ठी महामाया मंदिर में 311 दीप प्रज्जवलित हैं। पथरिया महामाया समिति अध्यक्ष ललूराम जायसवाल, संरक्षक जसपाल छाबड़ा एवं सदस्य गयाराम डडसेना, बाराती साहू, गेंदराम श्रीवास, बलराम जायसवाल, शंकर सोनी, तीजउ निर्मलकर आदि हैं।

## पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**मुंगेली।** शारदीय नवरात्र का धार्मिक त्यौहार अभिजित मुहुर्त में प्रांरभ हुआ। सभी देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। वही घट स्थापना के साथ जवारे भी बोए गए। देवी मंदिरो में दिन भर श्रद्धालुओ की भीड़ देखी गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक दुर्गा प्रतिमा एवं आकर्षक पण्डाल की सजावट की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिरों में एवं सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दोखी गई। पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश द्वारा प्रज्जवलित कराए गए हैं। नगर के मध्य में स्थित महामाया मंदिर, शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा मं काली मंदिर, दाऊपारा महामाया मंदिर, रामगढ़ स्थित महामाया मंदिर, मल्हापारा में महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, ठाकुर देव मंदिर, सेतगंगा स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर, हथनीकला स्थित अष्टभुजी मंदिर, देवगांव स्थित दुर्गा मंदिर में अगले नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के गांव-गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक मां आदि शक्ति की आराधना एवं सेवा गीत और जसगीत का आयोजन कर माता की सेवा की जाएगी।



## महामाया मंदिर में प्रज्जवलित किए गए ज्योति कलश

**दगोरी।** ग्राम देवता महामाया मंदिर में क्वांर नवरात्र पर्व पर देवी की आरती-पूजा, घट स्थापना एवं मंत्रोपचार के साथ विधि-विधान पूर्वक ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर ज्वाला प्रसाद सन्नाट, ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज, पूर्व सरपंच बिंदा निषाद, घनश्याम कौशिक, महामाया समिति अध्यक्ष श्रवण कौशिक, सत्रुहन साहू, हरिराम कौशिक, पंच कौशल, मुन्ना कौशिक, रामकुमार धुरु, कार्तिक साहू सहित बैगा दिलीप ध्रुव, भागवत जयसवाल, गयाराम नेष्टो, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंदिर में 37 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं। इस मौके पर मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट की गई है।



## ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**भर्रीडांड़।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का आगाज बुधवार 17 सितम्बर से हो गया है, जो कि आगामी 2 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा। इस दौरान जनपद पंचायत मरवाही में स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, सफाई-निबंध, सुरक्षा शिविर, स्वच्छता हरित उत्सव और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत मरवाही कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय सागर, कार्यक्रम अधिकारी समीर ध्रुव सहित पंचायत के तमाम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अधिकारियों ने पंचायत सचिवों के साथ गांव-गांव में स्वच्छता की शपथ दिलाई।

इसी क्रम में गुरुवार 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत सिवनी और ग्राम पंचायत दानीकुडी में सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। लगभग 250 स्वच्छता स्वयंसेवक, मितानिनें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इस अभियान में शामिल हुए। इस



मौके पर मरवाही सीईओ विनय सागर ने कहा कि, स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। हर नागरिक जब अपने घर और आसपास सफाई रखेगा, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। कार्यक्रम अधिकारी समीर ध्रुव ने कहा कि, स्वच्छता से ही स्वस्थ जीवन मिलता है। यह अभियान लोगों को जागरूक करने का माध्यम है। हम सबको संकल्प लेना होगा कि स्वच्छता केवल 2 अक्टूबर तक सीमित न रहे, बल्कि हर दिन का हिस्सा बने।

### ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से छाया अंधेरा

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा फास्टरपुर सब स्टेशन के अंतर्गत ग्राम तालम में विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो विगत 10-12 दिनों से जल गया है। गांव में बिजली आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में अनेक जगहों पर ट्रांसफार्मर जलने के बाद भी विभाग इन्हें बदलने का कार्य नहीं कर रहा है। इसके कारण अनेक गांव में अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर जलने के कारण अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद हैं। वहीं पेयजल की गंभीर समस्या से आमजन हलाकान हो रहे है। उपभोक्ताओ की शिकायतों के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने आज तक ट्रांसफार्मर लगाने की पहल नहीं की। ग्राम तालम के निवासी अर्पण बेंजामिन, राहूल बंजारा ने बताया कि ट्रांसफार्मर को बदलने की शिकायत जेई से की जा चुकी है।

## अग्रसेन महराज की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**तखतपुर।** अग्रवाल समाज ने 22 सितम्बर को महराज अग्रसेन की जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा ब्लॉक रोड से निकाली। शोभायात्रा में अग्रसेन महराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

अग्रवाल समाज के ईष्टदेव महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाई गई, जिसके तहत अग्रसेन भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद शाम को अग्रसेन महराज की पूजा अर्चना कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए अग्रसेन भवन में पहुंची। ब्लॉक रोड से निकला जूलुस नगर के महाराणा प्रताप चौक, महामाया चौक, संगम नगर होते हुए गांधी चौक के पास पहचा, जहां कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया। जुलूस के अग्रसेन



भवन पहुंचने पर समाज के लोगों ने एकत्र होकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर धनसीराम गोयल, कैलाशचंद्र गोयल, आयुष अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल, रामबिलास अग्रवाल, राधेश्याम गोयल, मोहन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, श्यामू अग्रवाल, काशी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, चंदू अग्रवाल, किशोरी अग्रवाल, मामन चंद्र अग्रवाल, आनंद बंसल, संदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, रघुवीर गोयल, सुरेश अग्रवाल, बाल किशन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, सागर अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गर्ल्स कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर एवं खेलकूद स्पर्धा

**मुंगेली।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत कन्या महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ वन्दना गुलहरे रहीं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉ प्राची सिंह ने की। डॉ वंदना गुलहरे ने छात्राओं को अपने शरीर को स्वस्थ रखने संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डॉ प्राची सिंह ने स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ जीवन का नारा दिया। उसके पश्चात डॉक्टर वंदना गुलहरे एवं उनकी पूरी टीम ने शिविर लगाकर महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं समस्त छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान खून जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण, बीपी, शुगर परीक्षण, वजन जांच और ऊंचाई मापन किया गया। हीमोग्लोबिन परीक्षण में जिन छात्राओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें आयरन की गोलियां वितरित की गईं और उन्हें अपनी सेहत का अच्छे तरीके से खयाल रखने रखने को कहा गया। राजेश घोंसले ने कहा कि, सभी छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने अपने आसपास एवं महाविद्यालय को स्वच्छ रखने के लिए जोर दिया।

### विद्यालय को मिले शिक्षक, बढ़ी शिक्षा की गुणवत्ता

**मुंगेली।** ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में जिन विद्यालयों में शिक्षक नहीं थे, वहां अब विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, इससे अब स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। इसी कड़ी में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत एकल शिक्षकीय स्कूल प्राथमिक शाला फुलवारी संकुल केन्द्र पदमपुर को दो अतिरिक्त शिक्षक मिल गए हैं, इससे विद्यार्थियों को शिक्षा की नई रोशनी मिली है। प्राथमिक शाला फुलवारी की शिक्षिका चेतना साहू ने बताया कि, पहले यहां कुल 95 बच्चों के लिए एक ही शिक्षक पदस्थ थे, लेकिन युक्तियुक्तकरण के बाद तीन शिक्षक हो जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने बताया कि, शासन की यह योजना स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सार्थक कदम है। विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को नवाचारों और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है।

## अग्र मैराथन में 120 लोगों ने लिया हिस्सा

**पेंड्रा।** नगर में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अग्रसेन भवन से नगर के प्रमुख मार्गों तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विगत दिनों अग्रवाल सभा में समारोह समिति का गठन किया गया था, जिसमें शारदा चरण पसारी को जयंती समारोह का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उनकी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष विकाश महलवाला, कोषाध्यक्ष विकाश जालान व रतन गोयनका, सचिव चारु अग्रवाल व मिहिर मित्तल, पत्रिका प्रभारी नितेश अग्रवाल, मीडिया एवं प्रचार प्रभारी सुमित जालान और रिशी पसारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल रहे। समारोह में खेलकूद, सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का भी



आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में ओम प्रकाश बंका, श्रवण जालान, शिव कुमार अग्रवाल, मामन चंद गोयल, सौरभ सुल्तानिया, दीपक गोयल, महेश बंका, राकेश सुल्तानिया, आनंद गोयनका, हर्ष गोयल, प्रमोद गोयल, संदीप अग्रवाल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए आदम निजाम परिवार ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों को फलाहार कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि, अग्र मैराथन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, समरसता, समानता और सेवा को आगे बढ़ाना एवं युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी ने किया। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरुणा गणेश जायसवाल, प्रमोद गोयल, मुकेश सुल्तानिया, विकास जालान, नितिन अग्रवाल सहित नगर के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने ली खैरवार गांव की सुध, बनाई गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जरहागांव की ग्राम पंचायत धनगांव गोसाई के आश्रित गांव खैरवार के ग्रामीणों को कीचड़ से भरी सड़क के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वहां के स्कूली बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। गांव की समस्याओं को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसमें में बताया गया था कि, खैरवार के ग्रामीण वर्षों से कीचड़युक्त सड़क, पानी तथा गांव की गलियों में जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। खैरवार विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ा हुआ है, लेकिन गांव की ओर कोई जनप्रतिनिधि व अधिकारी ध्यान नहीं देते है। उक्त समस्याओं को लेकर गांव के लोगों में रोष बना हुआ है।

खबर का असर



### खबर के बाद हरकत में आया विभाग

गांव से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन का काम होता है। गांव से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर जिला मुख्यालय है, इसके बावजूद गांव इतना पिछड़ा हुआ है। मामले को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन किया, जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और स्कूल पहुंच मार्ग को बनवाने के साथ गली में भरे पानी की निकासी करा कर कीचड़ साफ कराया गया। साथ ही सभी समस्याओं का अवलोकन अधिकारियों द्वारा किया गया। अब देखना यह होगा कि, गांव की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान होता है या कुछ दिन बाद फिर से वही स्थिति देखने के मिलेगी।

### रोड बनाने योजना तैयार

खैरवार गांव में स्कूल पहुंच मार्ग पर मुरूम डलवा कर सड़क बनाई गया है, ताकि बच्चे आसानी से स्कूल जा सकें। साथ ही गली में नाली नहीं होने के कारण पानी भरे होने की शिकायत मिल रही थी, जिसकी निकासी कराई गई। गलियों में नाली निर्माण एवं सीसी रोड बनाने कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

- राकेश साहू, सीईओ जपं मुंगेली

### शोभायात्रा के साथ अग्रसेन जयंती समारोह का समापन



**करगीरोड कोटा।** अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयंती का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें समाज की एकरूपता और अनुशासन देखने को मिला। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसका जगह-जगह पर समाज के लोग एवं विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शोभायात्रा के अग्रसेन भवन पहुंचने पर महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती-पूजन की गई।

### जयरामनगर में अग्रवाल समाज ने लगाया भंडारा



**जयरामनगर।** नगर में धूमधाम से अग्रसेन महराज की जयंती मनाई गई। इस मौके पर समाज के लोगों ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें ग्राम के सभी नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर राजेंद्र बंसल, बसंत बंसल, अजय बंसल, संजय बंसल, सतीश बंसल, राजकुमार अग्रवाल, राजू केडिया, नरेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा के अलावा सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।


अमर भैया
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
प्रवीण दुबे
श्याम साहू
अमित तिवारी
अंचल दुबे
अरविंद बोलर
राजेश पाण्डेय
शरद यादव
रौशन सिंह
हरिश राठौर
बबलू हरियानी
विवेक ताम्रकार
महर्षि बाजपेयी
खोभराम साहू
अशोक मिथून


सुमीत बाजार™
9 9 9
दिन रात ऑफर्स
नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा की अग्रिम शुभकामनाएँ
ये है 9 दिन का उत्सव, 9 गुना बड़ा !
₹999 में 2 ब्रांडेड कुर्ता
₹999 में 3 साड़ियाँ
₹999 में 2 सूट पीस
₹999 में 4 मेन्स शर्ट
₹999 में 4 डबल बेडशीट
₹999 में 4 कोर्ड सेट
₹999 में 2 मेन्स कोर्ड सेट
₹999 में 3 प्रीमियम ब्रांडेड ब्वॉयज टीशर्ट
₹999 में 3 डबलबेड मिंक ब्लांकेट
*condition apply
ऑफर सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स पर...
ऑफर स्टॉक रहने तक...
दिखाये गये चित्र प्रोडक्ट से भिन्न हो सकते हैं
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE 89820 44000